गोपनीय

योगेश चन्द्र
संयुक्त सचिव

9/अर्द्व0शा0प0सं0-22(16)2012टी0सी0/का-1-2014
उत्तर प्रदेश शासन
कार्मिक अनुभाग-1
लखनऊ :: दिनांक 29 जनवरी, 2014

प्रिय महोदय,

वित्त विभाग के अंतर्गत उच्च वेतनमान रू0 16,400-20,000 (पुनरीक्षित वेतन बैण्ड-4 रू0 37,400-67,000, ग्रेड वेतन रू0 8900) के पद पर चयन हेतु मुख्य सचिव की अध्यक्षता में दिनांक 04.07.2012 एवं दिनांक 10.10.2012 को सम्पन्न विभागीय चयन समिति की बैठक में चयन वर्ष 2010-11, 2011-12 एवं 2012-13 की प्रयुक्त पात्रता सूची के क्रमश: क्रमांक-23, 22 एवं 03 पर अवस्थित श्री ओम प्रकाश द्विवेदी के सम्बंध में की गयी संस्तुति, जो मुहरबन्द लिफाफे में रखी थी, के अनावरण एवं पुनर्विचारण हेतु मुख्य सचिव की अध्यक्षता में दिनांक 18.01.2014 को विभागीय चयन समिति की बैठक संपन्न हुई। चयन समिति द्वारा **श्री ओम प्रकाश द्विवेदी** को चयन वर्ष 2011-12 में उनके कनिष्ठ श्री प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव की प्रोन्नति की तिथि 30.07.2012 से उच्च वेतनमान रू0 16,400-20,000 (पुनरीक्षित वेतन बैण्ड-4 रू0 37,400-67,000, ग्रेड वेतन रू0 8900) के पद पर नोशनल पदोन्नति प्रदान किये जाने की संस्तुति की गयी है।

2. चयन समिति की उपर्युक्त संस्तुति पर मा0 मुख्यमंत्री जी का अनुमोदन प्राप्त हो गया है।

3. अत: मुझे आपसे अनुरोध करने की अपेक्षा की गयी है कि कृपया चयन समिति की उपर्यक्त संस्तुति के अनुसार यथावश्यक अग्रतर कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,
ह0/-
(योगेश चन्द्र)

श्री आनन्द मिश्र,
प्रमुख सचिव,
वित्त विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

http://shasanadesh.up.nic.in